O.P. Malhotra constituted by the Municipal Corporation of Delhi to examine the issue of allowing the same pay scale to the Safai Karamcharies of MCD as admissible to New Delhi Municipal Committee recommends the pay scale as applicable to the employees of New Delhi Municipal Committee.

25 फरवरी, 1993 को दिल्ली में रैली को रोकने पर हुआ खर्च

2764. **श्री शंकर दयाल सिंह :**
श्री वीरेन्द्र जे. शाह :
श्री जगदीश प्रसाद माथुर :
श्री प्रमोद महाजन :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में 25 फरवरी, 1993 को हुई भारतीय जनता पार्टी की रैली को रोकने के लिए सरकार द्वारा दिल्ली पुलिस तथा अर्द्ध-सैनिक बलों की तैनाती पर कितनी धनराशि खर्च की गई थी :

(ख) अन्य राज्यों से लाए गए अर्द्ध-सैनिक बलों का ब्यौरा क्या है और उन पर कितनी धनराशि खर्च की गई थी ;

(ग) रेलों को रोकने हेतु बाधाओं के निर्माण तथा क्षेत्रों को कांटेदार तारों से सीलबन्द करने पर कितनी धनराशि खर्च की गई ;

(घ) रैली को रोकने के लिए सरकार के कुल कितनी धनराशि खर्च की है ; और

(ङ) इस रैली के अवसर पर कुल कितने व्यक्तियों ने अपनी गिरफ्तारी दी तथा कितने व्यक्तियों को अभी तक छोड़ दिया गया है और कितने व्यक्ति अभी तक जेल में हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद) (क) और (ख) भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबंधित रैली के संबंध में "बल" की आवश्यकता का आकलन दिल्ली प्रशासन के परामर्श से किया गया था और तदनुसार, अर्द्ध-सैनिक बल तैनात किए गए थे । संघ शासित क्षेत्रों में अर्द्ध-सैनिक बलों की तैनाती पर आने वाले व्यय को, उनके सामान्य बजट में से ही पूरा किया जाता है और प्रत्येक तैनाती के लिए इसका अलग से लेखा जोखा नहीं रखा जाता । दिनांक 25-2-1993 को दिल्ली पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, रेलवे सुरक्षा बल, पी ए सी (उ. प्र.) पंजाब सशस्त्र पुलिस हरियाणा पुलिस जैसे बाहरी बलों की 154 कंपनियां भी तैनात की गई थी ।

(ग) और (घ) दिल्ली प्रशासन के लोक निर्माण विभाग ने सूचित किया है कि अवरोध खड़े करने तथा प्रकाश व्यवस्था आदि पर लगभग 33,62,500/- रु० की राशि का व्यय हुआ ।

(ङ) इस रैली के अवसर पर 491 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 01 विधायक तथा 113 संसद सदस्यों सहित 4200 व्यक्तियों को निरुद्ध किया गया । सभी निरुद्ध व्यक्तियों को 25-2-1993 को तथा सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को 26-2-1993 को रिहा कर दिया गया था ।

Undertrials under detention in Delhi

2765. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the number of undertrials under detention in jails/lock ups for the last three years in Delhi as on 1st January, 1st April, 1st October, and 1st December 1992;

(b) what is the nature of crimes alleged to have been committed by them; and

(c) the reasons for their prolong detention?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) Delhi Administration has reported that the number of under-trials for the last 3 years in the Delhi Jails as on 1st January, 1st April, 1st October, 1st December, is as under:—

	1990	1991	1992
Ist Jan.	4,272	5,299	2,279
Ist Apr.	4,369	5,318	5,897
Ist Oct.	5,274	6,229	6,485
Ist Dec.	5,223	6,111	6,318

No under-trial is Kept in Police lock up.

(b) Under-trial prisoners are lodged in jails for offences under various Acts like IPC, NDPS Act, TADA Act, Official Secrets Act, etc.

(c) They have all been remanded to judicial custody in connection with crimes committed by them under various laws. Some are in custody as they have not been able to arrange bails.

लिट्टे के ठिकाने

2766. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिणी राज्यों में लिट्टे उग्रवादियों के कई ठिकाने हैं जहां से वे अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं ; और

(ख) क्या इस संबंध में सरकार द्वारा उचित सावधानी बरती जा रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) (क) और (ख) सरकार संबंधित राज्य सरकारों और नौ-सेना प्राधिकारियों के सहयोग से स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है । इस संबंध में अत्याधिक सतर्कता बरती जा रही है ।

Incidents of robbery in Delhi

2767. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR:
SHRI SHANTI TYAGI:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether a cash box containing Rs. 49 lakhs of the Karol Bagh branch of Punjab and Sind Bank looted by some robbers on February 26;

(b) whether the culprits have been identified and arrested;

(c) whether the incidence of bank dacoities is on the rise in the Capital;

(d) if so, the details of dacoities in the last three years;

(e) what precautionary security measures were taken by the Bank authorities to safeguard its money; and

(f) what security measures are taken by Government to prevent occurrence of such incidents in Banks during the day time in the capital city of India?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) Yes, Sir.